
हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 27 दिसंबर 2025

06 पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई के ...



07 वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के शौर्य को समर्पित...





## खबर संक्षेप

### अवैध मसाला चक्की पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार नमूना लेने एवं जप्ती की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर बमोरी रेगुंवा में बिना लाइसेंस संचालित एक मसाला चक्की पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान मसाला चक्की में एक कुंटल खड़ी लाल मिर्च में गेहूं का आटा एवं अखाद्य रंग जैसे पदार्थ मिलाकर पिसाई किए जाने की पुष्टि हुई। यह पिसाई सामग्री विनोद गुप्ता की बताई गई, जबकि मसाला चक्की नंदलाल चढ़ार की होना पाया गया। उक्त दोनों विक्रेताओं के पास आवश्यक फूड सेफ्टी लाइसेंस नहीं पाया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटी मिश्रण के नमूने संग्रहित कर खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए। साथ ही 98 किलो लाल मिर्च चूर्ण एवं अखाद्य रंग का मिश्रण जप्त किया गया।

### रमेश दत्त दुबे स्मृति आयोजन 28 दिसंबर को

**सागर।** हिन्दी व बुंदेली के लोकप्रिय लेखक, कवि व समालोचक स्व. रमेश दत्त दुबे का वार्षिक स्मृति आयोजन व सम्मान समारोह 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 2.00 बजे से आदर्श संगीत महाविद्यालय सागर के सभागार में आयोजित होगा। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक संस्था श्यामलम के अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र व सीमा रमेश दत्त दुबे ने बताया कि आयोजन के 12 वे वर्ष में साहित्य सरस्वती की संपादक सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ.लक्ष्मी पाण्डेय को सम्मानित किया जाएगा। ख्यात समाजवादी विचारक रघु ठाकुर की अध्यक्षता में होने जा रहे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध लेखक मुकेश वर्मा,भोपाल होंगे। विशिष्ट अतिथि से. नि.प्राध्यापक डॉ.केवल जैन तथा प्रमुख वक्ता प्रोफेसर राजेंद्र यादव होंगे। म.प्र.हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर इकाई के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी संचालन करेंगे। आयोजक संस्थाओं के असीम दत्त दुबे, अभिनव दत्त दुबे, हरि शुक्ला, कपिल बैसाखिया ने सभी प्रबुद्ध जन से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### अवैध कच्ची मदिरा के अड्डों पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के आदेशानुसार तथा सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे के निर्देशन में आबकारी विभाग सागर द्वारा अवैध कच्ची मदिरा निर्माण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत दिनांक 20.12.2025 को खुरई क्षेत्रांतर्गत एवं दिनांक 25.12.2025 को बीना क्षेत्रांतर्गत समूहिक रूप से कार्रवाई की गई। इस दौरान कच्ची मदिरा निर्माण के अवैध अड्डों पर छापेमारी की गई तथा ढाबों व टपरों की तलाशी ली गई। कार्रवाई के दौरान कुल 11 न्यायालयीन प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। मौके से 25 पाव व्हिस्की मदिरा, 03 केन पॉवर बीयर, 36 लीटर कच्ची मदिरा एवं 985 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत कब्जा लिया गया। जप्त मदिरा, महुआ लाहन एवं मदिरा निर्माण सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1,08,700/- आंकी गई है। अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध ऐसी कार्रवाइयां आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

### अभी तक 25 लाख 93 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई धान खरीदी

**सागर।** मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 4 लाख 9 हजार 545 किसानों से 25 लाख 93 हजार 971 मीट्रिक टन धान की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2369 रूपये प्रति क्विंटल है। धान की खरीदी 20 जनवरी 2026 तक की जायेगी। किसानों को 3529 करोड़ रूपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है।

## किसानों को प्राथमिकता के साथ सॉयल हेल्थ कार्ड मुहैया कराएं

# अमानक खाद, बीज और उर्वरक बेचने वालों के विरुद्ध पुलिस में दर्ज कराएं प्रकरणः कमिश्नर अनिल सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग के सभी कलेक्टरों, कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हैप्पी सीडर और सुपर सीडर जैसे कृषि यंत्रों के विषय में किसानों को जानकारी दें तथा कृषि यंत्रों का उपयोग करने के लिए किसानों को सतत रूप से प्रोत्साहित करें।

कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग के सभी कलेक्टर सागर संभाग में कृषि यांत्रिकीकरण के लिए विभागों को दिए गए लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे समय-समय पर कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करें तथा लक्ष्य पूर्ति के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को ताकित करें। कमिश्नर ने



उक्त निर्देश आज कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सागर संभाग के सभी कलेक्टर्स, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

बैठक में कमिश्नर ने खाद, बीज एवं कीटनाशकों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद, बीज और उर्वरक बेचने वाली फर्मों की सतत रूप से जांच करने के निर्देश देते हुए कहा कि सागर संभाग के सभी किसानों को उच्च गुणवत्ता की खाद, बीज और उर्वरक उपलब्ध हों, यह सभी कलेक्टर सुनिश्चित कराएं।

कमिश्नर ने निर्देश देते हुए कहा कि खाद, बीज, उर्वरकों और कीटनाशकों के नमूने लेने की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहनी चाहिए। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों को उच्च गुणवत्ता की खाद, बीज और उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अमानक स्तर की खाद, बीज एवं उर्वरक बेचने वालों के विरुद्ध सभी कलेक्टर्स सख्त कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि अमानक स्तर की खाद, बीज एवं उर्वरक बेचने वाली फर्मों के लाइसेंस निरस्त करने तथा ऐसी फर्मों के विरुद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।बैठक में कमिश्नर ने सागर संभाग में किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण कार्यक्रम की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में सॉयल हेल्थ कार्ड वितरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। उन्होंने कहा कि सागर संभाग में लक्षित किसानों को समय-सीमा में सॉयल हेल्थ कार्डों की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। संभाग में किसानों द्वारा पराली जलाने के विरुद्ध प्रभावी एवं परिणाममूलक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। पराली जलाने से होने वाले नुकसान के संबंध में किसानों को जागरूक करें। बैठक में उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की।



### डा.सर हरी सिंह गौर को भारत रत्न दिया जाए

**सागर।** साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था काव्यायन एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ शाखा-सागर के संयुक्त तत्वाधान में मेडिकल कॉलेज के पास यशोदा पैलेस के हाल में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई, सागर के सिरमौर डाक्टर हरी सिंह गौर एवं महामना मदन मोहन मालवीय को संयुक्त रूप से स्मरण किया गया। जिसकी अध्यक्षता डा.दिवाकर सिंह राजपूत ने की मुख्य अतिथि सुरेंद्र राय सीहोरा एवं विशिष्ट अतिथि पी.आर.मलैया, पं.महेश दत्त त्रिपाठी, डॉ एम.एस.गौर रहे। इस कार्यक्रम का संचालन अमितआठिया ने किया साथ ही कार्यक्रम के आयोजक राम नरेश सिंह राजपूत ने उपस्थित अतिथियों के साथ मिलकर माता सरस्वती व तीनों दिवंगतों के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि दी। वृंदावन राय सरल ने सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। जिसमें पूरन सिंह राजपूत, पं.टीकाराम त्रिपाठी'रुद्र', रामनरेश सिंह राजपूत, आर.के.नामदेव, वृंदावन राय सरल, पं. महेश त्रिपाठी, पी.आर.मलैया, अमित आठिया, आयुष सिंह ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा.दिवाकर सिंह राजपूत ने तीनों विभूतियों पर संक्षिप्त विचार रखें साथ ही सुरेंद्र राय ने वक्तव्य दिया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने इस बात पर विचार किया कि डा.सर हरी सिंह गौर को भारत रत्न दिया जाये। कार्यक्रम में राजेश मिश्रा,विक्रम सिंह,पुष्पराज सिंह,बृजराज सिंह,अनिल श्रीवास्तव, निर्देश यादव, विकास, विवेक आदि उपस्थित रहे। एडवोकेट रामनरेश सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया।




### महाविद्यालय में एमओयू व प्रेजेंटेशन कार्यक्रम संपन्न

**सागर।** कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय सागर में स्वामी विवकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के इनक्यूबेशन सेंटर के तत्वावधान में इंफिनिटी मैनेजमेंट कॉलेज के साथ स्टार्टअप को लेकर एमओयू साइन हुआ इस एमओयू साइनिंग से दोनों कॉलेज के मध्य स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने एवं दोनों कॉलेज के इनक्यूबेशन सेंटर में होने वाले कार्यक्रमों एवं स्टार्टअप्स में किए जाने वाले कार्यों का आपसी सामंजस होगा। इस कार्यक्रम में पांच विद्यार्थी ने स्टार्टअप्स के प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये जिसमें उनके द्वारा किए जा रहे स्टार्टअप्स में कार्य एवं नवाचार को बतलाया गया एवं चयनित स्टार्टअप्स विद्यार्थी रामाशीष यादव, श्वेत अधो, शिवानी पटेल, महक श्रीवास्तव एवं पुनीत राजपूत को सर्टिफिकेट के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत का सपना स्टार्टटप के माध्यम से पूरा होगा ऐसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी इक्छा है । इनक्यूबेशन सेंटर के माध्यम से विद्यार्थी में स्टार्टअप एवं उद्यम को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन देने का कार्य किया जाता है दोनों कॉलेज के मध्य एमओयू होने से दोनों कॉलेज के विद्यार्थी को परस्पर लाभ मिलेंगा। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ जिला नोडल प्रभारी डॉ अमर कुमार जैन ने कहा की नवाचार का जन्म व्यक्तियों को सुविधाएं देने से होता है जैसे उबर जोमेटों मीसों फिलिपकार्ट जैसे कंपनिया व्यक्तियों को सामान घर पर देने की सुविधा उपलब्ध करा रही है आज का वक्त स्टार्टअप्स का है जिसमें युवा उद्यमी नए-नए नवाचार करके बहुत समस्याओं का समाधान कर आवश्यकताओं की पूर्ति कम समय में एवं बचत के अनुसार कर रहे हैं जिससे भारत आज विश्व में सबसे ज्यादा यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स देने वाला देश बन चुका है।डॉ राहुल सतभैया ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में इंजिनियरिंग की सारी फैक्ल्टी है जिनमें लगातार स्टार्टटप के कार्यक्रम चलाए जा रहे है।

## पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के पत्र पर मालथौन विख में हुई तीन पशु चिकित्सकों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रस्ताव पर पशुपालन संचालनालय की ओर से खुरई विधानसभा क्षेत्र के तीन पशु चिकित्सालयों बांदरी, रोंड़ा तथा खिरिया कलां पशु चिकित्सालयों में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। इसके साथ ही चलित पशु चिकित्सा वाहन सेवा 1962 अंतर्गत सागर मुख्यालय के मोबाइल चिकित्सा वाहन को टिकिट संख्या अधिक होने के दिनों में मालथौन-बांदरी क्षेत्र को अटेंड करने के लिए आदेशित किया गया है। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने गत 19 नवंबर को उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को इस संबंध में पत्र लिखा था। इस पत्र पर कार्यवाही करते हुए संचालनालय पशुपालन भोपाल से दि. 6 दिसंबर, 2026 को विकास खण्ड मालथौन में संचालित तीन पशु चिकित्सालयों में पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रूप में पशु चिकित्सालय बांदरी में राजेंद्र रामलाल, पशु चिकित्सालय रोंड़ा में महेंद्र सिंह डुडवे तथा पशु चिकित्सालय खिरिया कलां सतपाल भंवर की नियुक्ति की गई है। मालथौन विकासखण्ड में मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन (1962) की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सागर डा एस एन सोनी ने पृथक से आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत सागर हेड क्वार्टर का मोबाइल वाहन तीनों स्टाफ और मेडिसिन सहित मालथौन विकासखण्ड में अपनी सेवाएं देगा और पेंडेंसी काल क्लियर करेगा। इस दौरान मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट वाहन का मुख्यालय पुलिस थाना बांदरी में रहेगा। जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में सागर मुख्यालय की सभी टिकिट को सागर में उपलब्ध शेष दो मोबाइल यूनिट 100 : क्लियर करेंगे।



### देश के आर्थिक संकटमोचन को कांग्रेस सेवादल परिवार ने किया याद

**सागर।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर तीनबत्ती स्थित कार्यालय मे पुष्पांजलि अर्पित की। जिला शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे कहा कि जब भारत आर्थिक मंदी और संकट के दौर से गुजर रहा था, तब डॉ. मनमोहन सिंह ने संकटमोचक बनकर देश को इससे उबारा। उन्होंने 1991 की दूरदर्शी उदारीकरण नीति का उल्लेख करते हुए बताया कि इसी के चलते आज भारत दुनिया की चौथी आर्थिक महाशक्ति है। श्रद्धांजलि सभा में मोहम्मद अनीस, प्रवीण यादव, अंकुर यादव, परख शुक्ला, रवि जैन, राकेश जैन, तरूण सैनी, आकाश नामदेव, संजय टंडन, छोटू तिवारी अनु घोषी सहित सेवादल परिजन उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालयः डॉ. गौर की पुण्यतिथि पर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि दी

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के महान शिक्षाविद, प्रख्यात विधिवेता संविधान सभा सदस्य एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक दानवीर डॉक्टर सर हरीसिंह गौर की पुण्यतिथि 25 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 9:00 बजे गौर समाधि स्थल पर भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय.एस. ठाकुर ने गौर समाधि पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के शिक्षक डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर ने सूरदास जी का भजन ₹ मेरो मन अनत कहाँ सुख पावे₹ प्रस्तुत किया । शोधार्थी अनुकृति रावत- मन फूला फूला फिरे जगत में कैसा नाता रे (कबीर भजन) शोधार्थी स्तुति खंपरिया ने ₹चदरिया झीनी रे झीनी₹ भजन गाया । मानवी श्रीवास्तव ने ₹तू दयालु दीन हों, तू दानी मैं भिखारी ₹ प्रस्तुत किया।अंशुल आठ्या ने ₹मुखड़ा क्या देखे दर्पण में ₹ गाया। विभाग के विद्यार्थी मानवी श्रीवास्तव, वर्षा रानी, गौरी पांडे, करिश्मा दीक्षित ने गांधी जी का प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' की प्रस्तुति दी। तबले पर संगत शैलेन्द्र सिंह राजपूत , शोधार्थी आकाश जैन एवं संस्तुति खंपरिया ने की। विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक अहिरवार, डॉ. अवधेश प्रताप सिंह तोमर एवं डॉ. राहुल स्वर्णकार के निर्देशन में भजन प्रस्तुति हुई । कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय, प्रो. पी.के. कठल, प्रो. नवीन कानगो, प्रो. डी. के. नेमा, प्रो. आशीष वर्मा, प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत, प्रो. राजेंद्र यादव, उपकुलसचिव सतीश कुमार, डॉ. सी. पी. उपाध्याय, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. अलीम खान, डॉ. शशि कुमार सिंह, डॉ. संजय शर्मा, डॉ. विवेक जायसवाल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



### वीर बाल दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिता

**गढाकोटा।** वीर बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, गढ़ाकोटा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने सम्मिलित होकर विद्यार्थियों को संबोधित किया एवं आयोजित हुई बच्चों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिता जिसमे सभी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी साथ ही बच्चों के लिए आंखों के चश्मा वितरित किए। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के वीर साहिबजादों ने अल्पायु में धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा हेतु जो अद्भुत बलिदान दिया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनकी अमर कुर्बानी हमें साहस, त्याग और दृढ़ संकल्प के मार्ग पर सदैव प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर शामिक कुमार शर्मा, प्राचार्य संजय सिंह , प्रधानाचार्य दीनदयाल पटेल, हरीश द्विवेदी, वतन सोनी एवं सभी आचार्य गण उपस्थित रहें।

## जन अभियान परिषद सागर की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न

# समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका में है जन अभियान परिषदः डॉ बकुल लाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आज कमिश्नर कार्यालय सभागार सागर में आयोजित की गई। बैठक परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ बकुल लाड़ की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई एवं परिषद के सांस्कृतिक सलाहकार श्री अतुल निझावन विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भारतमाता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ तत्पश्चात अतिथियों का शॉल एवं साहित्य से स्वागत किया गया। तत्पश्चात संभाग समन्वयक सागर दिनेश कुमार उमरैया के द्वारा बैठक का एजेंडा रखते हुए अतिथियों का शब्दातीत स्वागत किया।

समीक्षा बैठक में सागर संभाग के सागर से के के मिश्रा, दमोह से सुशील नामदेव, छतरपुर आशीष ताम्रकार, पन्ना से सुश्री अनीता जाटव एवं टीकमगढ़/निवाड़ी के जिला समन्वयक एवं 37 विकासखंड के विकासखंड समन्वयकों की उपस्थिति रही। बैठक का प्रारंभ जिला समन्वयक के द्वारा जिलावार पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया गया। जिला प्रस्तुति के साथ विकासखंडों के समन्वयकों ने




अपने विकासखंड में किये गए कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन एवं उत्कृष्ट,नवाचारों को प्रस्तुत किया। कार्यपालक निदेशक डॉ लाड़ ने प्रत्येक जिला एवं विकासखंड के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज और सरकार के मध्य सेतु की भूमिका में है जन अभियान परिषद इस कार्य को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए परिषद के क्षेत्रीय अमले के रूप में पदस्थ जिला,विकासखंड समन्वयकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा की जन अभियान परिषद ने सामाजिक सरोकार के समस्त विषयों पर शासन एवं जन आकाक्षाओं के अनुरूप अभिनव कार्य किये हैं। जिनका प्रभाव समाजिक जीवन में परिलक्षित भी हो रहा है। परिषद के समन्वयकों को निरंतर भ्रमण, किए जा रहे कार्यों की दैनिक रिपोर्टिंग के साथ पोर्टल पर अपडेशन, समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया पर बेहतर प्रस्तुतीकरण किया जाना चाहिए, प्रस्फुटन एवं नवांकुर परिषद की नींव है और समन्वयक परिषद की रीढ़ की भूमिका निभा रहे है। भविष्य में परिषद के नेटवर्क को मजबूत करते हुए बढ़ाने के कार्य करना है । सीएमसीएलडीपी छात्रों को भी क्लास में गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय करते हुए उपस्थिति बढ़ाने का कार्य करना करना जिसके लिए जिला/विकासखंड समन्वयकों को सतत संपर्क एवं भ्रमण करना आवश्यक है तभी मजबूत और स्थाई नेटवर्क खड़ा हो पाएगा।

परिषद के सांस्कृतिक सलाहकार अतुल निझावन ने संबोधित करते हुए कहा कि परिषद का नेटवर्क सर्वव्यापी एवं सर्वस्पर्शी है। इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है और इसमें परिषद के मैदानी अमले की कड़ी मेहनत है। धैर्य के साथ जो काम हम कर सकते है वहीं करें, समाज को कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए संगठित रूप से कार्य को बढ़ाने का कार्य करें, आज भी समाज और सामाजिक संस्थाओं में समाज के प्रति कार्य करने के लिए जागृति की आवश्यकता है, लक्ष्य के अनुरूप शासन का कार्य करना और संवेदनाओ के साथ समाज से जुड़कर संस्थाओं के विकास का कार्य करना हमारे मूल में होना चाहिए , देश पहले शेष सब बाद में हो यह सोच प्रत्येक व्यक्ति संस्था की होनी चाहिए क्योंकि देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें इस गीत की प्रेरक पंक्तियों के साथ सभी को मार्गदर्शित करते हुए समन्वयकों में ऊर्जा का संचरण किया।

### कृषि विज्ञान केंद्र सागर में वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**सागर।** कृषि विज्ञान केंद्र सागर एवं कृषि विज्ञान केंद्र बिजौरा की संयुक्त वैज्ञानिक परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रो. डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक विस्तार सेवाएं, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा की गई। इस अवसर पर डॉ. के.एस. यादव, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र सागर द्वारा खरीफ एवं रबी 2025 की प्रगति प्रतिवेदन का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र बिजौरा के प्रभारी डॉ. ए.के. त्रिपाठी द्वारा भी खरीफ एवं रबी 2025 की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत की गई। आटारी जबलपुर से डॉ. रजनीश श्रीवास्तव, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा महत्वपूर्ण तकनीकी सुझाव दिए गए। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. ममता सिंह, डॉ. वैशाली शर्मा, मयंक मेहरा, सुखलाल बास्केल, योगेन्द्र सिंह सहित लगभग 20 प्रगतिशील कृषकों की सहभागिता रही। बैठक में किसानों द्वारा प्रस्तुत सुझावों एवं कृषिगत समस्याओं का समाधान वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. डॉ. टी.आर. शर्मा ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों का न्यूनतम उपयोग करते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने का आग्रह किया, जिससे लागत में कमी एवं उत्पादन की गुणवत्ता में वृद्धि हो सके। उन्होंने खड़ी फसल में यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया के उपयोग की सलाह दी, जिससे कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सके। साथ ही क्षेत्र में आने वाली समस्याओं, उन्नत किस्मों एवं नवीन तकनीकों का कृषक प्रक्षेत्र पर अधिक से अधिक परीक्षण करने पर जोर दिया।बैठक के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत की जा रही विभिन्न कृषिगत गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. के.एस. यादव द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कृषकों का आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## नपाध्यक्ष ने रैन बसेरा का निरीक्षण किया निर्देश दिए

**ललितपुर**। शीतलहर व सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने नगर पालिका द्वारा संचालित रेन बसेरा व शहर में विभन्न स्थलों पर जलाये जा रहे अलावों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इसके अलावा शहरवासियों से जलाये जा रहे अलावा के बारे में वार्ता की गई। कोतवाली के सामने स्थित महादेव प्रसाद रेन बसेरा के निरीक्षण के दौरान लाइट के तार अस्त व्यस्त पाये गये, इसके अलावा बोर्ड में लगे स्विच भी खराब पाये गये, अध्यक्ष द्वारा संबंधित लिपिक को व्यवस्थाएं दुरूस्त किये जाने के निर्देश दिये गये, इसके अलावा कोतवाली के सामने स्थित गांधी रेन बसेरा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान चैकीदार उपस्थित पाया गया, इंट्री रजिस्टर का अवलोकन करने पर दो व्यक्तियों की उपस्थिति पाई गई। अध्यक्ष द्वारा रेन बसेरा पर तैनात संबंधित कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि रात्रि में जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आता है पहले उक्त व्यक्ति के बारे में जानकारी कर ले व उससे आधार कार्ड आदि उपलब्ध करा ले, उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति रेन बसेरा में आता है उसके लिए किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। वहीं अध्यक्ष द्वारा डाईट के सामने स्थित सेल्टर होम का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान रजिस्टर का अवलोकन करने पर 6 व्यक्ति उपस्थित पाये गये, जिनसे अध्यक्ष महोदया द्वारा रेन बसेरा में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। अध्यक्ष द्वारा संबंधित तैनात कर्मचारी को निर्देशित किया गया। इस दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, प्रभारी सफाई निरीक्षक, निर्माण लिपिक, हेड सुपर वाइजर सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत

**ललितपुर**। बुधवार देर शाम राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (एनएच 44) पर चलती बाइक से गिरने के बाद एक महिला की झांसी ले जाते समय मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। यह घटना जखौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बांसी के मजरा खिरकन की है। 50 वर्षीय विमला, पत्नी काशीराम, बुधवार शाम गांव के ही एक दंपति के साथ बाइक से ललितपुर आ रही थीं। हाईवे पर टोल टैक्स के पास अचानक वह चलती बाइक से नीचे गिर गईं। हादसे के बाद हाईवे पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्काल विमला को मेडिकल कॉलेज ललितपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, झांसी ले जाते समय रास्ते में ही विमला की मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव को घर ले गए और उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया।

## चितौरिया में रास्ता विवाद खत्म कराया

**विदिशा**। विदिशा तहसील के ग्राम चितौरिया में खेत तक पहुंच मार्ग को लेकर उत्पन्न विवाद का प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही समाधान करा दिया। नायब तहसीलदार ओम बघेल द्वारा स्थल पर पहुंचकर संबंधित किसानों एवं ग्रामीणों से चर्चा की गई और आपसी सुलह के माध्यम से रास्ता विवाद का शांतिपूर्ण निराकरण किया गया। प्रकरण में प्रार्थी लाखन सिंह पुत्र गिरवर सिंह निवासी ग्राम चितौरिया द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी। उन्होंने बताया कि उनकी कृषि भूमि सौरभ सिंह, सरदार सिंह एवं विद्याबाई रघुवंशी की भूमि से लगी हुई है। खेत तक जाने का रास्ता पूर्व से था, लेकिन संबंधित कृषकों की भूमि शासकीय अधिग्रहण में चली जाने एवं मुआवजा प्राप्त हो जाने के बावजूद उनके द्वारा कब्जा बनाए रखते हुए रास्ता बंद कर दिया गया था। इससे प्रार्थी को कृषि कार्य में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

## 12 को हिंदू सम्मेलन को लेकर हुई बैठक


**अहमदपुर**। गुरुवार को लक्ष्मी नगर अहमदपुर खंड के ग्राम डंगरवाड़ा में संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में डंगरवाड़ा मंडल के 12 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक हुई।

### जन्म शताब्दी सप्ताह के कार्यक्रमों के अन्तर्गत शिक्षक रेन बसेरा में किया आयोजन

# पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म वृत्त पर प्रदर्शनी लगाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर अटल बिहारी वाजपेई जी जन्म शताब्दी के सप्ताह के कार्यक्रमों के अन्तर्गत शिक्षक रेन बसेरा में भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिन पर उनके जीवन वृत्त को लेकर एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से भारत रत्न पं अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म से लेकर जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी तक के राजनीतिक जीवन को दर्शाया गया है । तत्पश्चात पं अटल बिहारी वाजपेई जी बाजपेई जी के चित्र पर सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात एक गोष्ठी के माध्यम से अटल जी की कविताएं सुनाईं गयी और उनके संस्मरण सुनाए गए। गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पं हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन कार्यक्रम के सह जिला संयोजक देवेन्द्र गुरु ने किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि उच्च नेतृत्व के निर्देश पर अटल जी के जन्मशताब्दी वर्ष पर यह प्रदर्शनी लगाई गई है और जो सप्ताह भर तक लगी रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे आमजन को सन्देश देकर चित्र प्रदर्शनी देखने को अनुरोध करें। श्रमसेवा राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि पं अटल बिहारी वाजपेई जी अजातशत्रु थे यहां तक कि विपक्षी पार्टी के लोग भी उन्हें उतना ही आदर देते थे जितने कि उनके अपने संगठन के लोग उन्हें चाहते थे ।




### मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री का जन्म दिवस

ललितपुर। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पं.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पनारी स्थित एक विद्यालय में उल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रकोष्ठ संयोजक ओमशंकर श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज निदेशक शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने अटलजी जीवन प्रसंग विधि छात्रों के समक्ष रखे। इस दौरान महाविद्यालय में अटलजी के जीवन से संबंधित प्रश्नोत्तरी के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिये गये।

**अटल जी की कविताओं के साथ संस्मरण भी सुनाए**

जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा कि पं अटल बिहारी वाजपेई को युग पुरुष कहें तो अनुचित नहीं होगा । स्वर्णिम चतुर्भुज सड़क योजना और प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से उन्होंने सड़कों का जाल बिछा दिया था ।उनके गीत हमें आज भी प्रेरणा देते थे ।

भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष अजय जैन साईकिल ने अटल जी की कविताओं के साथ उनके संस्मरण भी सुनाये। अन्त में बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे ने पं अटल बिहारी वाजपेई जी के संस्मरण सुनाते हुए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनसे अटल बिहारी वाजपेई जी के संन्देशो को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बुन्देलखण्ड विकास बोर्ड के सदस्य प्रदीप चौबे, एस आई आर के जिला संयोजक हरीराम निरंजन,पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, प्रेमचंद पटैल, निवर्तमान जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह लोधी एड,जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला,बंशीधर श्रीवास, महेश श्रीवास्तव भैया, जिला कोषाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सड़ैया,सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीकांत कुशवाहा,,मुन्ना लाल जैन सैदपुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गण सुभाष जायसवाल,रमेश कुमार खटीक, श्रीमती रजनी साहू,डा राजकुमार जैन,ई बी के पाल,डा दीपक चौबे,कार्यक्रम सह संयोजक घनश्याम साहू, देवेन्द्र गुरु, ध्रुव सिंह सिसौदिया, जिला उपाध्यक्ष गण बसंती लारिया , धर्मेन्द्र पाठक,किरण सैन, मनविंदर कौर, श्रीमती लक्ष्मी रावत, जिला मंत्री निखिल रामकुमार तिवारी,गौरव चौधरी, रजनी अहिरवार,अजय जैन साईकिल,युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव गौतम आदि उपस्थित रहे।

### खुले विचरण से लोगों में दहशत

# तेंदुए ने कोटेदार के मुंह पर मारा पंजा, घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम चीराकोडऱ में गुरुवार सुबह एक तेंदुए ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। यह घटना प्राथमिक विद्यालय के पास हुई, जिसमें 47 वर्षीय कोटेदार कमलेश यादव घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

जाखलौन थाना क्षेत्र के चीरा कोडऱ गांव में सुबह करीब 7 बजे प्राथमिक विद्यालय के पास तेंदुआ देखा गया था। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने के दौरान, गांव के कोटेदार कमलेश यादव (पुत्र वीर सिंह यादव) स्कूल के अंदर गए। वहां एक गड्ढे में छिपे तेंदुए ने उन पर हमला कर दिया। तेंदुए के पंजे से कमलेश यादव के मुंह पर चोट लगी, जिससे वह घायल हो गए। हमले के बाद, तेंदुए के डर से ग्रामीण छतों पर चढ़ गए। तेंदुआ बाद में स्कूल परिसर से निकलकर गांव के खेतों की ओर भाग गया। ललितपुर जनपद में 87000 हेक्टेयर में फैला विशाल जंगल जानवरों के लिए पर्याप्त है मगर वन विभाग द्वारा वन जीवन के लिए पर्याप्त योजना उपलब्ध न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है हाल ही में तीन माह के बीच अमझरा घाटी ( गौना )बीट पर चार नौजवान तेंदुआ की मौत ने वन विभाग के कार्य प्रणाली में कई प्रश्न चिन्ह लगा दिए हैं मगर वन विभाग हाईवे को दोषी बताकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होने का प्रयास कर रहा है। हालही में जाखलौन के चीरा कॉडर गांव में प्राइमरी विद्यालय में सुबह तेंदुए की उपस्थिति ने सारे गांव में हलचल मचा दी थी। एक व्यक्ति को घायल कर तेंदुआ गायब हो गया।

### जीव जंतुओं के खुले विचरण से चिंतित



चंडी मंदिर पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर संत चंदेश्वर गिरी महाराज भी ललितपुर जनपद के विशाल बन में विचरण करने वाले दुर्लभ जीव जंतुओं को लेकर चिंतित हैं हाल ही में तेंदुओं की दुर्घटना ने उनके अंतर मन को बहुत कष्ट दिया है जो जीव प्राय विलुप्त हो होने की श्रेणी में है उनकी इस तरह दुर्घटना मैं मैं मृत्यु हो जाना कहीं न कहीं उसके लिए हम दोषी हैं भारत सरकार के प्रधानमंत्री जो विकास को लेकर निरंतर कार्यरत रहते हैं अनुरोध है की ललितपुर जनजीव बिहार को आरक्षित कर भारत के नक्शे पर अंकित हो जिससे अधिकांश पर्यटक इस जनपद में आ सकें।

### वन जीव विहार अभ्यारण बन सकता है



ललितपुर प्रभास पर आए डॉ आशुतोष शर्मा मेक्सिको ने कहा, विंध्याचल श्रेणी उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश का बन विभाग हजारों हेक्टेयर में फैला है ललितपुर जनपद में 12 वर्ग मील में वन जीव विहार महावीर वन जीव विहार स्थित है इसको विंध्याचल श्रेणी पर्वतमाला में उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश को मिलाकर विशाल वन जीव विहार अभ्यारण बन सकता है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी इस वन विहार पर दृष्टिकोण रखें तो उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश का यह भूभाग टाइगर अभ्यारण का एक बहुत बड़ा पर्यटक क्षेत्र बन सकता है जिसमें देसी पर्यटकों के अलावा विदेशी पाठकों की भी विशाल श्रृंखला इस क्षेत्र को विकसित कर सकती है।

**वन जीव विहार की पहल करना चाहिए**



ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष पंडित अनुपम चौबे बताते हैं कि ललितपुर जनपद में विशाल वन क्षेत्र है है जिसमें अत्यंत दुर्लभ पशु पक्षी निवास करते हैं इन जंगलों में दुर्लभ भालू गिद्ध तेंदुआ लकड़बग्घा हिरण अजगर के अलावा टाइगर का भी अभ्यारण स्थल है यहां पर पूर्व से ही टाइगरों का अभ्यारण रहा है उत्तर प्रदेश सरकार योगी जी को बुंदेलखंड के विशाल जंगल को वन जीव विहार घोषित करने की पहल करना चाहिए जिससे जीव जंतुओं के अलावा यह क्षेत्र पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बिंदु बन सके।

### जयंती पर परिचर्चा आयोजित की गई

# 'मालवीय का व्यक्तित्व हिमालय से भी ऊंचा और सागर से भी विशाल था'

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

महामना मदनमोहन मालवीय की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि प्रखर राष्ट्रभक्त , स्वाधीनता सेनानी , सजग पत्रकार , कुशल अधिवक्ता श्रीमद्भागवत महापुराण एवं वेद-वेदान्तपाठी महामना पं मदनमोहन मालवीय जी का स्मरण करने पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शिल्पी की महानता और उनके द्वारा संस्थापित शिक्षा संस्थान की उस विशालता का चित्र आँखों में नाच उठता है कि जिसकी पक्की सड़कों की लंबाई 30 किमी. से भी ज्यादा है । आज से लगभग सौ साल पहले इस महान राष्ट्र विभूति ने जन-जन से पराधीन भारत में एक सिरे से दूसरे शहर तक घूम-घूमकर उस समय एक करोड़ साठ लाख का दान लेकर भारत की उत्कृष्ट यूनिवर्सिटी अपने अपराजेय मनोबल से स्वदेशी क्षेत्र में राष्ट्रभाषा हिन्दी माध्यम से खोल दी । यह विश्वविद्यालय मात्र अपने भवन , विज्ञान , इन्जीनियरिंग , कला , दर्शन की पढ़ाई-लिखाई से भी ज्यादा इसलिए जाना जाता है कि जैसे 2500 साल पहले काशी से ही बौद्ध धर्म का धर्मचक्र प्रवर्तन चला , वैसे ही 22 साल तक दक्षिण अफ्रीका में संघर्ष चलाकर गांधीजी की सत्य , अहिंसा और सत्याग्रह के अमोघ अस्त्र लेकर जब स्वदेश लौटे तब बी. एच. यू. के शुभारम्भ महोत्सव के मौके पर गाँधीजी ने इतना विप्लवकारी उद्बोधन किया कि जिसे सुनकर अध्यक्षता कर रहा अँग्रेज वायसराय तिलमिला उठा । गांधीजी को बोलने से रोका गया पर जनता एक स्वर में चिल्ला उठी , बोलते रहिए । भारत के स्वाधीनता संग्राम में उक्त क्षण मील का पत्थर साबित हुआ । महामना मालवीय ऐसे हिन्दुत्व के प्रतिपादक थे जो धर्म समभाव का पोषक , सर्वसमावेशी मानव धर्म के रूप में जाना जाता है ।



### कांग्रेसियों ने मनाई मदन मोहन मालवीय, बिजली पासी की जयंती

# मालवीय कांग्रेस के एक प्रमुख नेता थे, उन्होंने पार्टी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया: रजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक की अध्यक्षता में पं.मदन मोहन मालवीय की जयंती व भारतरत्न राजश्री गोपालचार्य की पुण्य तिथि मनाई गई। जिसमें सबसे पहले कांग्रेसियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित किये।




जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके समय में ही कांग्रेस ने स्वतंत्रता सग्राम की लड़ाई लड़ी गयी। मदन मोहन मालवीय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक प्रमुख नेता थे और उन्होंने पार्टी के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। मालवीयजी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और उन्होंने पार्टी के शुरुआती वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 1909 और 1918 में कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर कार्य किया और पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को आकार देने में मदद की। मालवीयजी ने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ विभिन्न आंदोलनों में शामिल हुए। उन्होंने हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम किया और दोनों समुदायों के बीच सौहार्द और समझ को बढ़ावा देने का प्रयास किया। उन्होंने शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की। मदन मोहन मालवीय के कांग्रेस के लिए योगदान ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनकी विरासत आज भी प्रेरणा का स्त्रोत है। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी भारत के वकील लेखक राजनीतिक और दार्शनिक रहे। लोगों ने राजाजी के नाम से पुकारते थे। वैशाली 1952 से 1954 तक तमिलनाडु के मुख्यमंत्री रहे, उनकी बेटी लक्ष्मी गांधीजी के पुत्र के साथ शादी हुई थी और वह पूरे दक्षिण में हिंदी का प्रचार प्रसार करते थे। वह स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल रहे। बिजली पासी को भी पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके योगदान की बात कही गई। इस दौरान नेहा तिवारी, डा.खेमचंद्र वर्मा, रामदेवी विश्कर्मा, कुलदीप पाठक, मु.असलम, रामदास, सीताराम राय, दीपक रेकवार आदि मौजूद रहे।

**चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की पुण्यतिथि भी मनाई गई**

## खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल: सिनेमा, संस्कृति और संवाद का सात दिवसीय महाकुंभ संपन्न

### वी शांताराम व गुरुदत्त को याद किया गया

# फिल्म जगत के 100 वर्ष पूर्ण होने पर टपरा टॉकीज में दिखाई गई फिल्में

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

खजुराहो की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरती पर 11 वा खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह फेस्टिवल न केवल सिनेमा प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना, बल्कि कला, संस्कृति और विचारों के आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच भी साबित हुआ। इस वर्ष उक्त फेस्टिवल दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र एवं असरानी को समर्पित किया गया वहीं फिल्म जगत में 100 वर्ष पूर्ण करने वाले कलाकार व्ही शांताराम एवं गुरुदत्त को याद किया गया 9 टपरा टॉकीज का निर्माण किया गया जिनमें 7 टपरा टॉकीज में धर्मेंद्र, असरानी, व्ही शांताराम, गुरुदत्त की फिल्में दिखाई गई , एक टपरा टॉकीज में हॉलीवुड की फिल्म दिखाई गई तथा एक टपरा टॉकीज में नवोदित फिल्मकारों की फीचरफिल्म, शॉर्ट फिल्म एवं डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई नवोदित फिल्मकारों की सात दिनों में 102 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई इस फेस्टिवल के संस्थापक, आयोजक , अभिनेता राजा बुंदेला ने बताया इस प्रतिष्ठित आयोजन में भारतीय सिनेमा के दिग्गज कलाकारों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रमुख रूप से अभिनेता अनुपम खेर, सौरभ शुक्ला अभिनेत्री पूनम ढिल्लो, अभिनेत्री सुष्मिता मुखर्जी,अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल, सहित अनेक नामचीन कलाकारों ने फेस्टिवल की शोभा बढ़ाई। इनके साथ ही देश-विदेश से आए फिल्म निर्माता, निर्देशक, लेखक और सिनेमेटोग्राफर भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। फेस्टिवल की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि जूरी के सदस्यों ने लगातार सात दिनों तक सहभागिता की और विभिन्न सत्रों, स्क्रीनिंग्स व संवाद कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई। इससे फेस्टिवल की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता और अधिक सशक्त हुई। फेस्टिवल के दौरान भारत के सभी प्रांतों से आए कलाकारों ने अपने-अपने लोक नृत्य और लोक संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इसके अलावा मुंबई से आमंत्रित प्रोफेशनल डांस ग्रुप और ऑर्केस्ट्रा ने गीत-संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




### योगदान देने वालों को सम्मान

फिल्मों से जुड़े उत्कृष्ट कलाकारों, तकनीशियनों और सिने जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को सिने गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं चिकित्सा, राजनीति, समाजसेवा और शिक्षा जैसे अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को क्षत्रसाल गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। नवोदित फिल्मकारों को भी सम्मानित किया गया यह पहल समाज के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास रही।

### स्टूडेंट्स के लिए मास्टर क्लास और वर्कशॉप

फेस्टिवल का एक महत्वपूर्ण पक्ष विद्यार्थियों और युवा फिल्मकारों के लिए आयोजित मास्टर क्लास और वर्कशॉप रहीं। इन सत्रों में अभिनय, निर्देशन, लेखन, सिनेमेटोग्राफी, एडिटिंग और फिल्म निर्माण की अन्य विधाओं पर विशेषज्ञों ने विस्तार से व्याख्यान दिए। छात्रों को सीधे अनुभवी फिल्मकारों से संवाद करने और सीखने का अवसर मिला, जो उनके भविष्य के लिए प्रेरणादायक सिद्ध हुआ कुल मिलाकर, खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल सिनेमा, संस्कृति और शिक्षा का एक समृद्ध संगम बनकर उभरा। इस आयोजन ने न केवल खजुराहो को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म मानचित्र पर और मजबूत पहचान दिलाई, बल्कि युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच भी प्रदान किया। यह उल्लेख करना आवश्यक है कि खजुराहो जैसे पर्यटन स्थल के लिए ट्रेन और फ्लाइट की सुविधाएं सीमित हैं। ऐसे में यदि किसी दिन फ्लाइट कैंसिल हो जाए, तो उसी दिन खजुराहो पहुंच पाना कठिन हो जाता है। फेस्टिवल के दौरान कई आमंत्रित कलाकारों की इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल हो गई, जिनमें नाना पाटेकर, भाग्यश्री, डॉक्टर चन्द्र प्रकाश द्विवेदी,प्रदीप रावत, राज बब्बर, हेमा मालिनी, शुभांगी अत्रे , और ऋतुपर्णा सेनगुप्ता आदि शामिल रहे। नाना पाटेकर मुंबई से दिल्ली तो पहुंच गए, लेकिन दिल्ली से खजुराहो नहीं आ सके। भाग्यश्री वाराणसी तक पहुंचीं, पर खजुराहो नहीं आ पाईं। वहीं अनुपम खेर को एक दिन वाराणसी में रुकना पड़ा और अगले दिन ट्रेन से खजुराहो आना पड़ा, जहां कोहरे के कारण ट्रेन की लेटलतीफी का सामना करना पड़ा। इन तमाम चुनौतियों के बावजूद आयोजकों की मेहनत, समन्वय और प्रतिबद्धता के चलते खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसे दर्शकों और सिनेप्रेमियों से भरपूर सराहना मिली।

### सिने गौरव सम्मान इन्हें मिला

अनुपम जी खैर , पूनम ढिल्लो, सौरभ शुक्ला, दीपशिखा नागपाल, पंकज बैरी, निर्देशक एन चंद्रा, जयंत देशमुख इंदिरा तिवारी, वेद थापर निर्देशक सुधीर आजाद को भारती प्रधान, अवधेश महाराज एवं फ्रांस अभिनेत्री को मारियन बोर्गो सिनेमेटोग्राफर मलय राय सुबोध सिन्हा (साहित्यकार), गौरव शर्मा ,शीबाशीष सरकार, भूपिंदर सिद्धू, सुरिंदर अहलावत, डॉ. योगेश श्रीवास्तव और गौरव शर्मा फेदुद्दीन फरीदसर, मेहदीबकीर खान एवं सुरेश राम विदेशी कलाकारों में रोबर्ट मैक्सीन, अलफ्रेंडो केन्डेरा, मार्क एन्जल्स विनसेंट रोबिन,मिस्टर फर्नांडो मैगलानेस माटो सुश्री टिन्ना स्वेन्सडॉटिर सुश्री रेचल जोहान वाह्युनी इंडोनेसिया, मूथिया एसफंड इंडोनेसिया को सिने गौरव सम्मान।

### छत्रसाल गौरव सम्मान इन्हें मिला

विजय कुमार खत्री, बसंत चतुर्वेदी, अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी,मीसाबंदी एवं स्वतंत्रता सेनानी मधुसूदन पितरे,वीरेंद्र कुमार रिछा रिया एवं राहुल अग्रहरी, एम एस राणा मध्यप्रदेश पर्यटन, जावेद मंसूरी, थाना प्रभारी प्रशांत कुमार सेन, प्रकाश चंसोरिया ,स्वप्निल कोठरी,विजय शंकर बबेले, राजेंद्र त्रिपाठी इंस्पेक्टर ममता कांबले को छत्रसाल गौरव सम्मान मिला।

### जिले की तीनों नगर निकाय संस्थाओं के सीएमओ को जारी किए नोटिस

# अवैध कॉलोनियों के बाद अब नपा की गड़बड़ियों को उजागर करेंगे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



अवैध कॉलोनियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद अब कलेक्टर अर्पित वर्मा नगरपालिका में हो रही गड़बड़ियों को भी उजागर करेंगे। इसके संकेत उनके द्वारा जिले की तीनों नगर निकाय संस्थाओं में पदस्थ सीएमओ को जारी किए गए नोटिस हैं जिसमें सीएमओ से अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर किए गए खर्च का ब्योरा मांगा गया है।

ज्ञात हो कि श्योपुर में नगरपालिका अध्यक्ष के पॉवर विहीन होने ओर विजयपुर में सभी पार्षदों द्वारा अध्यक्ष का साथ छोड़ देने से वहां अध्यक्ष या परिषद अथवा पीआईसीसी काम नहीं कर रही है ऐसे में हो रहे करोड़ों रुपए के काम किस आधार पर किए जा रहे हैं यह सीएमओ के लिए बताना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में अगर घपले घोटाले हुए हैं तो उन्हें छुपाना आसान काम नहीं होगा।

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा नगरपालिका श्योपुर के साथ नगर परिषद बड़ौदा एवं नगर परिषद विजयपुर में पदस्थ सीएमओ को नोटिस जारी किए गए हैं जिसमें उल्लेख किया गया है कि नगरपालिका या नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के सुचारू संचालन के उद्देश्य से मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को एक लिमिट निर्धारित कर भुगतान की अधिकारिता दी गई है किन्तु एक ही कार्य के अधिकारिता से बाहय के देयको को विभाजित कर सक्षम स्वीकृति के बिना भुगतान किया जा रहा है। जो कि वित्तीय अनिमितताऐं की श्रेणी में आता है। इस संबंध में कलेक्टर ने तीनों सीएमओ से वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में रूपये एक लाख तक के देयकों के किये गये भुगतान की सूची (कार्य के नाम सहित) उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद जहां बड़ौदा सीएमओ ने तो अपना जवाब हिसाब के साथ कलेक्टर को भेज दिया है लेकिन इस मामले में श्योपुर और विजयपुर सीएमओ को सांप सूंघ गया है। कलेक्टर को उनके जवाब का इंतजार है।

#### किसे कितने वित्तीय अधिकार की शक्ति प्राप्त

नगर पालिका में सीएमओ को 5 लाख रुपये तक, अध्यक्ष को 5 से 10 लाख रुपये तक, प्रेसिडेन्ट इन कौंसिल को 10 लाख से 40 लाख रुपये तक, नगरपालिका सभा को 40 लाख से 5 करोड़ रुपये तक, आयुक्त नगरीय प्रशासन को 5 करोड़ से 30 करोड़ रुपये तक एवं राज्य सरकार को 30 करोड़ रुपये से अधिक व्यय करने की वित्तीय शक्ति प्राप्त है। नगर परिषदों में सीएमओ को दो लाख रुपये तक, अध्यक्ष को दो से पांच लाख रुपये तक, प्रेसिडेन्ट इन कौंसिल को 5 लाख से 20 लाख रुपये तक, नगर परिषद सभा को 20 लाख से ढाई करोड़ रुपये तक, आयुक्त नगरीय प्रशासन को ढाई करोड़ रुपये से 30 करोड़ रुपये तक एवं राज्य सरकार को 30 करोड़ रुपये से अधिक व्यय करने की वित्तीय शक्ति प्राप्त है।

#### अतिआवश्यक काम के नाम से किया अधिकारों का अधिग्रहण

कलेक्टर को जो शिकायत मिली है वह अति आवश्यक कामों के नाम पर जो एक लाख रुपए से के चेक काटे गए हैं उसमें अनियमिता मिलने की बात कही गई हैं। दरअसल सीएमओ को नगरपालिका में 5 ओर नगर परिषद में 3 लाख रूपए तक के काम करने के अधिकार प्राप्त है लेकिन इसके लिए उन्हें टेंडर आमंत्रित करना पड़ेगा। एक लाख रुपए से कम के काम सीएमओ अपने हस्ताक्षर से राशि जारी कर कर सकते हैं कलेक्टर को जो शिकायत मिली है उसमें उल्लेख किया गया है कि 25 25 लाख रुपए के कामों को एक-एक लाख रुपए के अथवा 5 लाख रुपए के चेक काट कर भुगतान किए गए जो पीआईसी परिषद और सरकार के अधिकार का अधिग्रहण है साथ ही यह कृत्य वित्तीय अनियमित की श्रेणी में आता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने एक लाख रुपए से कम तक के जो चेक काटे हैं उनकी संपूर्ण जानकारी मांगी है।

#### इनका कहना है

कलेक्टर का पत्र हमें भी मिला है लेकिन हम तो पूरा पेमेंट पीआईसी और अध्यक्ष के हस्ताक्षर से करवाते हैं उनकी ही सहमति लेकर काम कराए जाते हैं इसलिए हमारे द्वारा निजी रूप से एक लाख या उससे कम का कोई भुगतान नहीं किया गया है।

**ताराचंद धूलिया**
**सीएमओ बड़ौदा**

### बदमाश को पकड़ने पुलिस ने कई जगह दी दबिश, वारदात से सकते में लोग

# दूसरे दिन भी पकड़ा नहीं जा सका आंखों में मिर्ची झोंक गल्ला लूटकर भागा बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शहर के पापूजी मोहल्ले में बीती देर शाम को एक किराना व्यापारी की आंखों में मिर्ची झोंककर एक बदमाश उसके गल्ले को लूटकर भाग गया। गल्ले से लूटी गई रकम 8 से 10 हजार रूपए के करीब बताई गई है। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ लूट की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और उसे दबोचने के लिए पुलिस के द्वारा उसके घर समेत अन्य कई ठिकानों पर दबिश दी गई,लेकिन बदमाश दूसरे दिन भी पकड में नहीं आ सका है। इधर शहर के लोग खासकर व्यापारी लूट की इस वारदात को लेकर सकते में आ गए है।

पुलिस के मुताबिक शहर के पापूजी मोहल्ले में किराने की दुकान लगाने वाले शिवा गोयल पुत्र ओमा शंकर गोयल ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुरूवार की शाम साढे सात बजे के आसपास जब वह अपनी दुकान पर बैठा था,तभी दुकान पर इसी मोहल्ले में रहने वाला अमन जंगम पहुंचा,जिसने लाल मिर्च मेरी आंखो में झोंक दी और दुकान के गल्ले में रखे रूपयों को लूटकर ले गया तथा गल्ले को दुकान के बाहर फेंककर भाग निकला और दुकानदार आंखो में मिर्ची जाने से हुई जलन से चिल्लाता रह गया। दुकान के गल्ले में करीब 8 से 10 हजार रूपए की बताई गई है,जिसे आरोपी लूटकर ले गया है। शिवा गोयल की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी अमन जंगम के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

#### सात मामले पहले से दर्ज है अमन पर

बताया गया है कि लूट की इस वारदात को अंजाम देकर भागे बदमाश अमन जंगम का यह आठवा अपराध है। इसके पूर्व सात आपराधिक मामले में उसके खिलाफ कोतवाली थाने में दर्ज है। जिनमें चार अपराध चोरी के, एक अपराध आर्म्स एक्ट तथा एक अपराध नाबालिग बालिका के अपहरण का शामिल है।

#### इनका कहना है

बदमाश को पकडने के लिए उसके घर सहित अन्य कई ठिकानों पर दबिश दी गई,लेकिन बदमाश भागने में सफल हो गया है,मगर उसकी तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे दबोच लिया जाएगा।

**सतीश सिंह चौहान**
**टीआई,कोतवाली,श्योपुर**

### राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल बड़ौदा में चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# खेल को शैक्षणिक विषय में शामिल करने की महती जरूरतः अष्ठाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



खेल युवाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम है। वैसे स्कूलों और कॉलेजों में खेल गतिविधियों को नियमित रूप से कराया जाता है और इसका विशेष कलेंडर भी जारी होता है लेकिन जिस तरह खेल की एहमियत बढ़ती जा रही है उससे इसे शैक्षणिक विषय में शामिल करने की महती जरूरत है। यह बात बड़ौदा एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने शुक्रवार को राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल बड़ौदा में चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

हर वर्ष की तरह इस साल भी राजीव गांधी मेमोरियल स्कूल बड़ौदा में चार दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन शुक्रवार को समारोह पूर्वक शुरू हुआ। जिसका शुभारंभ करने पहुंचे एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए उन्हें समझाई दी कि अब खेल समय बर्बादी का नहीं बल्कि समय को बनाने का साधन बन गया है। खेल के बिना शिक्षा भी अधूरी है आप सरकारी नौकरियों में जाए या प्राइवेट सेक्टर में अगर खिलाड़ी है तो आपका सिलेक्शन तय मानिए जिस तरह खेलों को महत्व दिया जा रहा है उसे खेल युवाओं का कैरियर बनाने में सहायक हो गया है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में बडौदा टीआई सत्यम गुर्जर,हरीओम शिक्षा प्रसार समिति बड़ौदा के सचिव भूपेंद्र सिंह तोमर, विमल तिवारी , रितेश तोमर , अमित सक्सेना, सुनील सिंह तोमर, प्राचार्य दिनेश गुप्ता, अनवर खान (खेल शिक्षक) सहित समस्त स्कूल स्टाफ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# सीतारामजी मंदिर पर आयोजित हुआ पौष बड़ा महोत्सव, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के किला रोड पर मौजूद गौतम धर्मशाला स्थित श्री सीताराम जी महाराज मंदिर पर बुधवार की देर शाम को पौष बड़ा महोत्सव आयोजित किया गया।गौतम ब्राह्मण समाज नव युवक मंडल श्योपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विधिवत रूप से सीताराम जी महाराज और तुलसीजी का पूजन किया गया। फिर भगवान को पौष बडा का भोग लगाया गया। इसके बाद मंदिर में महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान भजन कीर्तन भी आयोजित किए गए।इस अवसर पर गौतम ब्राह्मण समाज श्योपुर के अध्यक्ष शंभू दयाल गौतम, महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता गौतम एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष हरित गौतम सहित बडी संख्या में समाजीय लोग मौजूद थे।



# पहले स्कूल में शराब पार्टी की फिर ताला तोड़ कर चोर ले गए गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीती रात एक सरकारी स्कूल में पहले तो चोरों ने शराब पार्टी की और बाद में किचन शेड का ताला तोड़कर उसमें रखा गया सिलेंडर चुरा कर ले गए। स्कूल प्रबंधन को इस चोरी का शक उस चोर पर हो रहा है जिसने एक व्यापारी की आंख में मिर्ची झोंक कर रुपए लूटने का काम किया है। इससे पहले भी उक्त चोर इसी स्कूल के किचन शेड का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर और बर्तन चुरा कर ले गया था।

एक्सीलेंस स्कूल श्योपुर की एकीकृत शाला मिडिल स्कूल क्रमांक 1 में शुक्रवार को जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो किचन शेड का ताला टूटा पड़ा मिला। पास में ही दो शराब के खाली चप्पे पड़े मिले जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि पहले चोरों ने यहां बैठकर शराब पी है बाद में चोरी को अंजाम दिया है। रसोईया के आने पर पता चला कि किचन शेड में बाकी सामान तो रखा हुआ है पर भरा हुआ गैस सिलेंडर गायब है इससे पहले भी जून जुलाई में उक्त स्कूल के किचन शेड का ताला टूटा था जिसमें गैस सिलेंडर सहित कुछ बर्तन चोरी हुए थे इसकी रिपोर्ट कोतवाली थाने में की गई थी बाद में उक्त सिलेंडर मोहल्ले में ही रहने वाले अमन पटवा के द्वारा किसी को बेचे जाने की जानकारी मिली थी इसकी जानकारी से भी स्कूल प्रबंधन ने कोतवाली पुलिस को अवगत करा दिया था लेकिन कोतवाली पुलिस ने अभी तक न तो सिलेंडर जब्त किया न हीं उस पर कोई कार्रवाई की गई। स्कूल प्रबंधन को शक है कि जिस अमन पटवा ने पहले ताला तोड़कर चोरी की थी उसी ने दोबारा ताला तोड़कर चोरी की है।

# एक जनवरी को गसवानी कस्बे में आयोजित होगी युवा मैराथन दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर विकासखंड के गसवानी कस्बे में एक जनवरी को नए साल में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में युवा मैराथन दौड का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के सह संयोजक लवकुश यादव ने बताया कि नशा मुक्ति का संदेश और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान विजयपुर क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए एवं समाजसेवा जैसे कार्यों में विशेष योगदान देने वालों का सम्मान भी किया जाएगा। मिनी मैराथन में प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन कि अंतिम तिथि 27 दिसंबर निर्धारित की गई है। इस मैराथन दौड़ में शामिल सभी युवक युवतियों प्रतिभागियों को निःशुल्क मैराथन टी-शर्ट, स्वप्लहार, खाना की व्यवस्था रहेगी एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान ही मैराथन में विजेता प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 2100 रुपए नकद, ट्रॉफी एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को 1100 नकद रूपये ट्रॉफी एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 500 रूपये ट्रॉफी, करने वाले धावकों एवं धाविकाओं एवं अंतिम 7 में शामिल धावक धाविकाओं को सांत्वना पुरस्कार के रूप में फिनिशर मेडल, प्रमाण पत्र दिया जायेगा। मैराथन ए,बी,सी,डी समूह में आयोजित होगी। प्रत्येक समूह में कम से कम 50 प्रतिभागी शामिल रहेंगे और प्रत्येक समूह को समान रूप से पुरस्कार दिया जाएगा।

#### बाल्मिक बस्ती में 28 को होगा हिंदू सम्मेलन



श्योपुर। शहर की बाल्मिक बस्ती में 28 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर अशोक माधवानी, जग मोहन भार्गव, विवेक भारद्वाज, सुधा तोमर, कृष्ण अवतार तोमर, शेरू धूलिया, श्याम शर्मा, गिर्राज चौरसिया, पवन पांचाल, हिमांशु गंगवाल, वरुण भार्गव, उदित तिवारी, आर्यन शर्मा, कमल गुप्ता, गुलाब राजोरिया,गोपाल रघुवंशी आदि कई लोग उपस्थित थे।

### जगह-जगह हुए आयोजन, याद किए गए साहिबजादे

# वीर बाल दिवस पर साहिबजादों के शौर्य को समर्पित प्रदर्शनी व संगोष्ठी आयोजित







#### सिख संगत ने पिलाई चाय कॉफी

साहिबजादो के बलिदान दिवस के अवसर पर सिख संगत ने गांधी पार्क पर स्टाल लगाकर लोगों को चाय कॉफी पिलाई। सिख संगत ने रास्ते में आते जाते लोगों को रोक कर अनुरोध करते हुए चाय कॉफी पिलाई अचानक सर्दी के मौसम में कॉफी चाय कॉफी उपहार में मिलने से लोग उत्साहित दिखे और खूब कॉफी चाय का आनंद लिया। वहीं बायपास पर भी स्टॉल लगाकर लोगो को चाय कॉपी पिलाई गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां सिख संगत ने गांधी पार्क पर पहुंच कर लोगों को चाय कॉफी पिलाकर साहिबजादों की शहादत को प्रदर्शित किया वहीं शासकीय और अशासकीय स्कूलों में भी विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। साहिबजादों की शहादत को प्रदर्शित करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर, श्योपुर में प्रदर्शनी प्रदर्शित की गई।


भाजपा के जिला मंत्री एवं वीर बाल दिवस टोली के जिला संयोजक एडवोकेट नरेन्द्र मूंडला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2022 में गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को चिरस्मरणीय बनाने हेतु 26 दिसंबर को "वीर बाल दिवस" के रूप में मनाने की ऐतिहासिक घोषणा की थी। यह निर्णय भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी सोच एवं सांस्कृतिक चेतना के अनुरूप लिया गया, जिसके अंतर्गत आज यह दिवस देशभर में श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा के साथ मनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर, श्योपुर में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शंशाक भूषण ने प्रदर्शनी का विधिवत लोकार्पण कर संगोष्ठी को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में शंशाक भूषण ने कहा कि दशम गुरु साहिब गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादे भारतीय इतिहास के अमर प्रतीक हैं, जिन्होंने धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि इतनी कम आयु में सत्य, धर्म और राष्ट्र के लिए दिया गया यह बलिदान विश्व इतिहास में दुर्लभ है। साहिबजादों का जीवन हमें यह संदेश देता है कि हमें भय के स्थान पर धर्म, अत्याचार के स्थान पर सत्य और स्वार्थ के स्थान पर बलिदान को चुनने वाला भारत बनाना है। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता, रामलखन नापाखेड़ली, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, जिला महामंत्री संजय अकोदिया, सरस्वती शिक्षा प्रतिष्ठान श्योपुर के सचिव मयंक गोयल, प्राचार्य महावीर गौर, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोनू सरजनवाल, नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल आदि मौजूद रहे। इस दौरान कन्या उमावि में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचे भाजपा नेता कैलाश नारायण गुप्ता ने साहिबजादो के बलिदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूल के प्रिंसिपल भरत जाट एवं स्टाफ मौजूद रहा। इसी क्रम में श्री हजारेश्वर स्कूल में चित्रकला निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।

### नए साल में हर सप्ताह एक स्कूल में पहुंचकर छात्र छात्राओं की क्लास लेने का शुरू होगा नवाचार

# कैदियों को ही नहीं, अब विद्यार्थियों के लिए भी सुधारात्मक कार्य करेंगे श्योपुर के जेल अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर के जेल अधीक्षक प्रभात कुमार जिला जेल श्योपुर में बंद कैदियों के लिए ही नहीं,बल्कि स्कूली छात्र छात्राओं के लिए भी सुधारात्मक कार्य करेगे और उनकी समझ बढाते हुए उन्हें आगे बढने के लिए जरूरी टिप्स भी प्रदान करेगे। जेल अधीक्षक अपने इस नवाचार की शुरूआत नए साल 2026 में शुरू करने जा रहे है। इसके लिए उन्होंने शहर के ऐसे स्कूलों को सूचीबद्ध कर लिया है, जिनमें सप्ताह में एक दिन पहुंचकर बच्चों की क्लास लेकर उन्हें जीवन में आगे बढने का पाठ पढाएंगे।

16 जून 2025 को श्योपुर जिला जेल में पदस्थ होने वाले जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने श्योपुर जिले में अपने छह माह के कार्यकाल के दौरान जिला जेल में बंद कैदियों के लिए कई सुधारात्मक कार्य बतौर नवाचार अब तक शुरू करा दिए गए है। जिनमें जिला जेल श्योपुर में कैदियों के लिए प्रतिदिन अखवार और अखवार पढने के लिए स्टैंड की सुविधा, किचिन में 100 लीटर पानी की क्षमता वाला आरो जन भागीदारी से स्थापित कराना,कैदियों के लिए जेल के अंदर कैंटिन की सुविधा आदि कार्य बतौर नवाचार शामिल है। अब वे नए साल 2026 में छात्र छात्राओं की समझ बढाने और उन्हें आगे बढने के लिए उनका मार्गदर्शन करने के लिए स्कूलों में जाकर पढाने का नवाचार शुरू करेगे। जेल अधीक्षक प्रभात कुमार का कहना है कि नए साल में हर सप्ताह शहर सहित आसपास के किसी एक स्कूल में पहुंचकर 40 मिनट के लिए स्कूली बच्चों की क्लास लेगे और इस दौरान छात्र छात्राओं को उनकी समझ बढाने के साथही उन्हें अपने जीवन में आगे बढते हुए कुछ नया करने के संबंध में जरूरी जानकारियां निःशुल्क रूप से प्रदान करेंगे। यहां बता दें कि प्रभात कुमार श्योपुर जिला जेल में बतौर जेल अधीक्षक पदस्थ होने वाले पहले जेल अधीक्षक है,इसके पहले यहां जेलर के रूप में अधिकारियों की पदस्थी रही है।

#### श्योपुर जेल के सभागार का नाम रखा मुक्तिबोध

श्योपुर के जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने श्योपुर जिला जेल के अंदर बने सभागार का नाम गजानन माधवमुक्तिबोध के नाम पर रख दिया है। यहां बता दें कि प्रसिद्ध कवि गजानन माधव मुक्ति बोध श्योपुर में जन्मे है। इसलिए उनके नाम पर जिला जेल के सभागार का नाम रखा गया है। वहीं जेल की लाइब्रेरी को अपडेट करते हुए उसमें माधवमुक्ति बोध से जुडा साहित्य भी उपलब्ध करा दिया गया है, ताकि जेल में आने वाले कैदी भी श्योपुर में जन्मे कवि माधवमुक्ति बोध के बारे में कुछ जान सके।

#### जहां भी रहे पदस्थ, वहां किया कोई न कोई नवाचार

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मस्थली बिहार के बेगूसराय में जन्मे प्रभार कुमार वर्ष 2012 में पहली बार मप्र के शाजापुरा की जिला जेल में बतौर जिला जेलर पदस्थ हुए थे। श्योपुर के जिला जेल अधीक्षक बनाए जाने से पहले वे हरदा की जिला जेल के जिला जेलर थे। हरदा से पहले प्रभात कुमार लहार, केन्द्रीय जेल ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल, नीमच की जेल में भी अपनी सेवाए दे चुके है। खास बात यह है कि वे जिस जेल भी बतौर जिला जेलर पदस्थ रहे है,वहां कुछ न कुछ नवाचार करके शुरू करके आए है। हरदा और नीमच की जिला जेल में वे कैटिन की सुविधा शुरू करवाने का नवाचार करके आए है। नीमच में तो उन्हें अपने क्वार्टर के सामने रहने वाले लोह पीटा परिवार के गरीब बच्चों को अपने क्वार्टर पर बुलाकर उन्हें निःशुल्क शिक्षा देने का नवाचार खासा सराहनीय काम रहा है।

### गरीब परिवार से निकलकर भारतीय सेना की आरबी यूनिट तक पहुंचा होनहार युवा, माता-पिता व गांववासियों के आशीर्वाद से साकार हुआ सपना

# मिट्टी से मुकाम तकः ग्राम हाजी नगर का लाल अभिषेक देश सेवा करने के लिए ड्यूटी पर रवाना

**करैरा।** हाजीनगर कहते हैं कि जब इरादों में सच्चाई, मन में देशभक्ति और मेहनत में ईमानदारी हो, तो अभाव भी सफलता की राह नहीं रोक पाते। इस कथन को सच कर दिखाया है ग्राम हाजी नगर, करैरा निवासी एक साधारण गरीब परिवार के होनहार बेटे अभिषेक परिहार ने, जिसकी भारतीय सेना की आरबी (फइ) यूनिट में जॉइनिंग होने के बाद वह अब देश सेवा की ड्यूटी पर रवाना हो गया है। अभिषेक की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से न केवल उसका परिवार, बल्कि पूरा गांव और क्षेत्र गर्व से भर उठा है।

अभिषेक परिहार ऐसे परिवार से ताल्लुक रखता है, जहाँ जीवन संघर्षों से भरा रहा। सीमित संसाधन, आर्थिक कठिनाइयाँ और रोजमर्रा की चुनौतियाँ उसके जीवन का हिस्सा रहीं, लेकिन इन सबके बावजूद उसने कभी अपने सपनों को कमजोर नहीं पड़ने दिया। बचपन से ही उसके मन में देश के लिए कुछ कर गुजरने की भावना थी। पढ़ाई के साथ-साथ उसने अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास को अपना जीवन-मंत्र बनाया।

आज जब अभिषेक भारतीय सेना से जुड़ी आरबी यूनिट में चयनित होकर ड्यूटी पर जा रहा



है, तो यह केवल उसकी व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि ग्रामीण अंचल के हजारों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। उसकी सफलता यह सिद्ध करती है कि अगर माता-पिता का आशीर्वाद, गांव की दुआएं और स्वयं की मेहनत साथ हों, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।

ड्यूटी पर रवाना होने से पूर्व ग्राम हाजी नगर में भावुक और गर्व से भरा वातावरण देखने को मिला। माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू थे। मां ने बेटे के माथे पर तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया, वहीं पिता ने भावुक स्वर में कहा—

ह्लहम भले ही गरीब हैं, लेकिन आज हमारा बेटा पूरे देश का बेटा बन गया है।

गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने फूल-मालाओं से अभिषेक का स्वागत और सम्मान किया। हर चेहरे पर गर्व और हर जुबान पर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं थीं।सूत्रों के अनुसार फौज के अधिकारी भी अभिषेक के अनुशासन, व्यवहार और मेहनत से अत्यंत प्रसन्न हैं। प्रशिक्षण के दौरान उसका प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसके चलते वरिष्ठ अधिकारियों ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के तहत कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए किया प्रेरित

# विद्यार्थियों को पूरा समय पढ़ाई पर केंद्रित रखकर भविष्य निर्माण करना है:डॉ उमा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज की कॉलेज चलो अभियान समिति द्वारा बीबीएम स्कूल के विद्यार्थियों को कॉलेज चलो अभियान के तहत कॉलेज में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने विद्यार्थियों को बताया कि गर्ल्स कॉलेज नैक बी++ ग्रेड के साथ जिले में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है।

कॉलेज में शासन की समस्त योजनाएं शत प्रतिशत क्रियान्वित होती हैं, आवश्यकता है विद्यार्थियों को सजग, सतर्क अनुशासित एवं जागरूक होने की क्योंकि आपके जीवन का यह काल अध्ययन का काल है। आपको अपना पूरा समय पढ़ाई पर केंद्रित रखकर अपना भविष्य निर्माण करना है। नीता नामदेव कॉलेज के वाणिज्य विभाग, विषय, कॉलेज की विशिष्ट सुविधाओं, यूनिफॉर्म, अनुशासन की विस्तृत जानकारी देकर विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए प्रेरित किया।राजीव लोधी ने समस्त छात्रवृत्तियों की जानकारी देते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार की यह योजनाएं विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। सभी विद्यार्थियों को किसी न किसी प्रकार की छात्रवृत्ति अवश्य मिलती है। जिससे उनके परिवार पर पढ़ाई के लिए किसी भी प्रकार का आर्थिक भार नहीं पड़ता है। आरती ठाकुर ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को समझाते हुए कहा कि जैसे ही आपका 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होता है। आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रथम चरण में ही करवाना चाहिए। क्योंकि प्रथम चरण में रजिस्ट्रेशन शुल्क माफ रहती है। अपनी व्यक्तिगत जानकारी ऑनलाइन फीड करवाते समय ध्यान से अपनी जानकारी भरवाएं क्योंकि छोटी-छोटी त्रुटियां आपको प्रवेश से वंचित कर सकती हैं। नवीन नामदेव ने कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ ,खेल विभाग एवं साहित्यक संस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी।

कीर्ति ठाकुर ने कॉलेज में संचालित विज्ञान संकाय के विषयों की जानकारी दी। कॉलेज के ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तकों के संबंध में बताया। साथ ही प्रवेश पूर्व कॉलेज में विज़िट करने के लिए प्रेरित किया। सहयोग के लिए अशोक बौद्ध उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बीबीएम स्कूल के प्राचार्य लक्ष्मीकांत विलगैंया, दीपेश, शचि जैन एवं समस्त स्टाफ सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बच्चों ने देश भक्ति गीतों से वीर बलिदानियों को किया नमन




**बीना।** अथक पथ संग्रहालय में वीर बलिदानी सप्ताह के अंतर्गत बलिदानी गुरुगोविंद सिंह एवं उनके चारों पुत्र साहिब जादे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह माता गुजरी को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बच्चों के द्वारा देश भक्ति के गीत गाकर बलिदानों को नमन किया। इस अवसर पर सिख समाज अध्यक्ष जसविंदर कौर ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने अपने चारों बेटों का बलिदान दे दिया था। हिंदू धर्म की रक्षा के लिए उन्हें सर्वस्व निछावर करना पड़ा स्वयं का और बेटों का बलिदान दिया। लेकिन देश की रक्षा के लिए पीछे नहीं हटे। इस अवसर पर शशि नंदन रावत, रितिका तिवारी, हरि शर्मा, मैंकल रिछारिया, अदिति नामदेव, तृप्ति पाठक, तान्या पाठक, आराध्या नामदेव, शोभना पंथी, निवेदिता रावत, अर्जुन सिंह गौर, हिमांशु नामदेव, घनश्याम पटेरिया, अनुग्रह मिश्रा, युग चंदेल, हार्दिक रिछारिया, हार्दिक रावत, राजेश सोनी, शुभांश पटेरिया, आदित्य सोनी, रिया नामदेव, जिया नामदेव, अनुग्रह मिश्रा, दुर्गम्य चौरसिया आदि ने देश भक्ति के गीत गाकर बलिदानों को नमन किया। शहीदों के लहू से लहलहाया चमन अपना, उन वतन के लाडलो की याद मुरझाने न देना। इस गीत को सामूहिक रूप से गाकर श्रोताओं को द्रवित कर दिया। इस अवसर पर सिख समाज अध्यक्ष जसविंदर कौर, सचिव अमरिंदर कौर, डॉ रचना शर्मा, भोपाल से त्रिवेणी गोस्वामी, मनोज जाट, प्रतिभा जाट, संग्रहालय के संचालक राम शर्मा ने बलिदानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### सागर में आयोजित सांसद कप में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल ने किया शानदार प्रदर्शन



**बीना।** सागर में आयोजित सांसद कप प्रतियोगिता में शहर की गोमती नंदन पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन किया है। गोमती नंदन पब्लिक स्कूल ने 14 दिसंबर को ब्लॉक स्तर पर शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद सागर में आयोजित सांसद कप प्रतियोगिता में भाग लिया। गौरतलब है कि प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लॉकों से कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया था। कठिन मुकाबलों के बीच गोमती नंदन पब्लिक स्कूल ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल एवं अकादमिक डायरेक्टर संतोष रजक ने खिलाड़ियों एवं कोच गीतिश रैकवार, करतार यादव, कोमल पटेल एवं शिखा मिश्रा को बधाई दी तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# भगवान श्रीकृष्ण निराकार ब्रह्म स्वरूप हैं: भाग्यश्री

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

**बीना।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास साध्वी भाग्यश्री भारती ने गजेन्द्र प्रसंग सुनाते हुए बताया कि गजेन्द्र की कहानी प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का प्रतीक है। आज का इंसान भी तो इस संसार में आकर संसार के भोग-विलासो में, रिश्तों-नातों में ही मस्त रहता है। परंतु जब काल आक्रमण करता है तो कोई भी साथ नहीं देता। क्योंकि संसार के जो रिश्ते हैं, वह स्वार्थ की नींव पर टिके होते हैं। जो सम्बन्ध स्वार्थ की नींव पर टिके होते हैं वह सदा साथ नहीं निभाते। इसलिए क्यों न एक ऐसे शाश्वत रिश्ते की तलाश की जाए, जो ज़िन्दगी को एक मजबूत आधार दे, सुरक्षा दे। जिसके टूट जाने का भय न हो। जो निर्भयता प्रदान कर सके और निर्भयता वही प्रदान कर सकता है, जो स्वयं निर्भय हो। इस संसार में यदि कोई पूर्ण रूपेण निर्भय है तो वह केवल ईश्वर है। इसलिए आवश्यकता है उस ईश्वर को जानने की। आगे प्रसंग के अंतर्गत साध्वी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण निराकार ब्रह्म है, जो अधर्म, पाप, अत्याचार के बोझ तले दबी वसुंधरा पर त्रस्त जनमानस की करुण पुकार सुनकर धर्मस्थापना हेतु धरा पर अवतरित होते है। क्योंकि कंस अज्ञानता और तमस्क्रांत साम्राज्य का प्रतीक है। जो मानव मन में जड़े जमाता है, विचारों को संकीर्ण बनाकर बाहरी परिवेश में धर्म के नाम पर हिंसा, जाति पाति के भेद भाव जैसे रूपों में मानव को मानवता से वंचित कर पतन की और मोड़ता है। साध्वी ने बताया जिस प्रकार प्रकाश से दूर रहना ही अंधकार है उसी प्रकार प्रभु से दूर रहना ही दुख, संताप व क्षोभ का कारण है।

अवतार शब्द का अर्थ बताते हुए उन्होंने बताया कि अवतार का अर्थ है नीचे उतरना। अपनी परम अवस्था से जन कल्याण के लिए धरा पर उतरा परम तत्व ही ईश्वर अर्थात अवतार कहलाता है। जहां एक मानव अपने कर्म बंधनों में जकड़ा हुआ, अपने कर्मों के फल को भोगने के लिए इस धरती पर आता है।

## शिवतीर्थ चतुर्वेदी को पीएचडी मिली



**दिनारा।** शिवपुरी द्वारा शिवतीर्थ चतुर्वेदी पुत्र ब्रजमोहन चतुर्वेदी को डॉ उमा शंकर (सह प्राध्यापक) के मार्गदर्शन में विज्ञान संकाय के गणित विषय में टॉपोलॉजिकल डेटा एनालिसिस एंड इट्स एप्लीकेशन इन मशीन लर्निंग विषय पर किए गए शोधकार्य हेतु पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। इस उपलब्धि पर गुरुजन, रिश्तेदारों एवं इष्टमित्रों द्वारा हार्दिक बधाई दी गई।

### साहिबजादों के बलिदान को किया गया नमन, बच्चों के शब्दों में झलका देश-धर्म का प्रेम

# वीर बाल दिवस पर हुआ एकेडमी करैरा में भावनाओं से भरा निबंध लेखन कार्यक्रम

**करैरा।** वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर 26 दिसंबर को करैरा स्थित एकेडमी में निबंध लेखन प्रतियोगिता का भावनात्मक और प्रेरणादायी आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिख इतिहास के अमर बलिदानी, गुरु गोविंद सिंह जी के वीर साहिबजादों—बाबा जोरावर सिंह और बाबा फ़तेह सिंह—के अद्भुत त्याग, साहस और धर्मनिष्ठा को स्मरण करने हेतु आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम में देशभक्ति, श्रद्धा और गौरव की भावनाएँ स्पष्ट रूप से दिखाई दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की बालिकाओं द्वारा अतिथियों का पारंपरिक तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात सरस्वती वंदना का सुमधुर गायन किया गया और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। विद्यालय परिसर में उस समय एक पवित्र, अनुशासित और प्रेरणादायी वातावरण व्याप्त हो गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और गंभीरता



के साथ सहभागिता की। बच्चों ने अपने निबंधों में गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की वीरता, निडरता और धर्म के प्रति अटूट आस्था का प्रभावशाली वर्णन किया। मासूम शब्दों में बच्चों ने बताया कि किस प्रकार इतनी कम आयु में भी साहिबजादों ने अन्याय के आगे झुकने के बजाय धर्म और सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। विद्यार्थियों की लेखनी में इतिहास के प्रति सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना स्पष्ट झलक रही थी। यह प्रेरणादायी आयोजन भारत रक्षा मंच, करैरा के संयोजक दीपक जैन के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक मुकेश प्रजापति, भारत रक्षा मंच करैरा संयोजक दीपक जैन, समाज सेविका भारती जैन, के. पी. यादव एवं अमन जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज सेविका भारती जैन ने कहा कि ह्लवीर बाल दिवस हमें यह संदेश देता है कि सच्चाई, साहस और देश-धर्म के प्रति प्रेम जीवन के सबसे बड़े मूल्य हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने गौरवशाली इतिहास और महान बलिदानों को जानना चाहिए। विद्यालय के संस्थापक मुकेश प्रजापति ने कहा कि ह्लसाहिबजादे जोरावर सिंह और फ़तेह सिंह का जीवन हर बच्चे के लिए प्रेरणा है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर ईमानदार, अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनना चाहिए।

## सरदार पटेल हाई सेकंडरी स्कूल ने वृद्धाश्रम में दान दी 10 क्विंटल खाद्य सामग्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

जेपी पावर प्लांट परिसर स्थित सरदार पटेल हाई सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने 25 दिसंबर को सागर जिला स्थित घरौंदा वृद्धाश्रम में पहुंचकर करीब 10 क्विंटल आटा, दाल, चावल एवं अन्य खाद्य सामग्री दान की। यह खाद्य सामग्री छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के द्वारा स्वयं एकत्रित की गई थी। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक एवं जेपी पावर प्लांट के परियोजना प्रमुख कमलेश सोनी एवं विद्यालय की डायरेक्टर अनु सोनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को बस द्वारा वृद्धाश्रम के लिए रवाना किया गया। विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर करीब 100 वृद्धजनों को अपने हाथों से अन्न का दान दिया। विद्यार्थियों की उपस्थिति देखकर सभी वृद्धजन अत्यंत प्रफुल्लित हुए तथा कोटि-कोटि आशीर्वाद दिया। उक्त क्षण अत्यंत भावुक तथा अविस्मरणीय था। विद्यालय प्राचार्य कपिल देव शुक्ला ने कहा विद्यालय द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यक्रम भविष्य में भी किए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पंडित राकेश सिरोठिया की स्मृति में किए जा रहे टूर्नामेंट के मैदान पर खिलाड़ी दिखा रहे अपने जौहर

# क्रिकेट टूर्नामेंट बीना कप के तीसरे दिन हुए छह रोमांचक मुकाबले आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना।

नगर पालिका बस स्टैंड के सामने मैदान में आयोजित पंडित राकेश सिरोठिया क्रिकेट टूर्नामेंट ₹बीना कप₹ के तीसरे दिन पहले राउंड के छह रोमांचक मुकाबले हुए। शुक्रवार को प्रमुख रूप राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सर्वप्रथम पंडित राकेश सिरोठिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की व टॉस करा कर मैच प्रारंभ कराया। पहला मैच गडोली और बीना के बीच खेला गया। जिसमें गडोली 36 रन से विजय रही। मैन ऑफ द मैच हरिओम रहे, जिन्होंने 36 रन बनाए। दूसरा मैच खिमलासा और बंट के बीच खेला गया। जिसमें खिमलासा की टीम विजय रही, मैन




ऑफ द मैच सचिन रहे। तीसरा मैच झांसी और खुरई के बीच हुआ। मैच में झांसी 62 रन से विजय रही। मैन ऑफ द मैच सक्षम रहे, उन्होंने 57 रन बनाए। चौथा मैच अमित इलेवन टीकमगढ़ और करोंदा के बीच हुआ। जिसमें सात विकेट से टीकमगढ़ जीती, मैन ऑफ द मैच दिव्यांश रहे। पांचवा मैच फौजी इलेवन और अन्नी इलेवन खिमलासा के बीच हुआ। फौजी इलेवन 91 रन से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच विजय रहे। छटवां मैच अमित इलेवन और गडोली के बीच हुआ, जिसमें टीकमगढ़ जीती। पांच विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच प्रथम रहे।

शुक्रवार को प्रमुख रूप से जिला प्रचारक विजय जी, संजीव जैन, सीपी रावत, शिवकुमार चौबे, दीपक जैन, हिम्मत सिंह, सोनाली राय, किरन लोधी, गोविन्द तिवारी, देवेन्द्र राय सहित प्रमुख स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अंपायर महेंद्र यादव, राजेश मिश्रा, सहाब सिंह राजपूत रहे। मैच में कामेंटर अकरम अली व स्कोरर रोहित, राघव रहे। शनिवार को होंगे बडे मुकाबले- शनिवार को सरपंच इलेवन अशोकनगर इलेवन, दमोह धमाका इलेवन, बीसीसी ललितपुर इलेवन, नरेंद्र इलेवन बीना, फोर्स इलेवन बीना ,मकरोनिया सागर के बीच बड़े मुकाबले होंगे।

